भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला

22.09.2024/प्रादेशिक समाचार/1800बजे

राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आयुर्वेद के पुरातन ज्ञान के संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। वे कल देर शाम नई दिल्ली में भारतीय धरोहर के 8वें वार्षिक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रकृति परीक्षण की अवधारणा पर शोध होना चाहिए जोकि शरीर के विभिन्न रोगों का निदान करने पर केन्द्रित है। राज्यपाल ने प्राचीन ज्ञान के संरक्षण और समाज सेवा के लिए भारतीय धरोहर की समर्पित सेवाओं की सराहना की। उन्होंने भारतीय धरोहर की वार्षिक पत्रिका का विमोचन भी किया। भारतीय धरोहर के महामंत्री विजय शंकर तिवारी ने संगठन की विभिन्न गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

भेंट

इस बीच प्रदेश भाजपा के पूर्व प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने आज शिमला में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्यपाल के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा चलाए गए एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम सहित विभिन्न सामाजिक विषयों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम एक वृक्षारोपण अभियान है जिसकी शुरूआत प्रधानमंत्री ने इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर की थी। इस अभियान का उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति का पर्यावरण संरक्षण में योगदान सुनिश्चित बनाना है।

मुख्यमंत्री सेहत

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की स्वास्थ्य में अब सुधार है। बीते कल मुख्यमंत्री की तबीयत अचानक खराब होने पर आई.जी.एम.सी. शिमला में स्वास्थ्य जांच की गई। मुख्यमंत्री के प्रधान मीडिया सलाहकार नरेश चौहान ने बताया कि चिकित्सकों ने मुख्यमंत्री

का अल्ट्रा साउंड करवाया, जिसकी रिपोर्ट सामान्य आई है। डॉक्टरों ने सुखविंदर सिंह सुक्खू को दो–तीन दिन आराम करने की सलाह दी है।

मुख्य न्यायाधीश

दिल्ली उच्च न्यायालय के वरिष्ठतम न्यायाधीश राजीव शकधर हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के नए मुख्य न्यायाधीश होंगे। वे मुख्य न्यायाधीश एम.एस. रामचंद्र राव की जगह लेंगे। न्यायाधीश राजीव शकधर को 11 अप्रैल 2008 को दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया गया था।

पोर्टल

ऑनलाइन ख़रीदारी के लिए सरकारी पोर्टल जी.ई.एम. ने खरीदारी को आसान बनाने और अर्थव्यवस्था को अधिक समावेशी बनाने के लिए विक्रेताओं और सेवा प्रदाताओं के लिए शुल्क को कम कर दिया है। नई व्यवस्था के अनुसार, अब दस लाख रुपये तक की खरीद पर कोई शुल्क नहीं लगेगा। पहले यह सीमा पांच लाख रुपये ही थी। दस लाख से दस करोड़ रुपये तक की खरीद पर अब केवल शून्य दशमलव तीन शून्य प्रतिशत शुल्क देय होगा। दस करोड़ रुपये से अधिक की खरीद पर तीन लाख रुपये का एक समान शुल्क लगेगा। वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने कहा कि यह निर्णय सरकार की 100 दिनों की पहल का हिस्सा था।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने समग्र शिक्षा अभियान के तहत सोलन और कंडाघाट शिक्षा खंड के अध्यापकों को 2 सौ 61 टैबलेट वितरित किए। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सरकारी, प्राथमिक स्कूलों के 17 हज़ार 5 सौ 10 अध्यापकों को ये टैबलेट दिए जा रहे हैं। शांडिल ने बताया कि सरकार के इस कदम से स्कूलों में शिक्षण प्रक्रियाओं के डिजिटाइजेशन में सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इन टैबलेट का इस्तेमाल कर अध्यापक ऑनलाईन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भी भाग ले सकेंगे।

भाजपा

इस बीच प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने भी राज्य सरकार द्वारा पानी की दरों में की गई वृद्धि को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। एक बयान में उन्होंने कहा कि सरकार ने

शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में भी पानी की दरों में कई गुना वृद्धि की है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार हर चीज मुफ्त में देने का वायदा सत्ता में आई थी लेकिन सत्ता में आने के बाद से सरकार ने जनता के लिए मंहगाई बढ़ाने का कार्य किया है।

डीसी चंबा

चंबा के उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जिले में सभी विभागों के अधिकारियों को ''नारी शक्ति से जल शक्ति'' थीम के अनुरूप जल संरक्षण से जुड़े जागरूकता कार्यों में महिलाओं का सहयोग लेने को कहा है। चंबा में एक बैठक के दौरान उन्होंने उद्यान विभाग के अधिकारियों को इस वित्त वर्ष के दौरान बनाए जाने वाले जल भंडारण टेंकों की सूची को जल शक्ति विभाग के साथ साझा करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने जिला विकास अधिकारी को वन सरोवर के निर्माण को लेकर भी आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए।

....